साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

पद का नाम	: बिक्री-सह-प्रदर्शनी सहायक
पदों की संख्या	: दो
पदस्थान	: 1-प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) 1-क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु (अनारक्षित)
वेतनमान	: लेवल 6/35400-112400 (7 सीपीसी) (पे बैंड-II/रु.9300-34800/ग्रेड पे-4200(6 सीपीसी))
आयु सीमा	: 40 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)
नियुक्ति का आधार	: सीधी भर्ती

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से स्नातक अथवा उसके समकक्ष योग्यता।
2. पुस्तकों की बिक्री तथा उसके संवर्धन की नवीनतम तकनीकों का ज्ञान।
3. किसी प्रकाशन गृह अथवा वितरण एजेंसी अथवा पुस्तक प्रकाशन से संबंधित किसी सरकारी उपक्रम में कार्य करने का तीन वर्षों का अनुभव।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय :

किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रदर्शनी कार्यों का पाँच वर्षों का अनुभव।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

अनिवार्य योग्यताएँ पूरी करने वाले अभ्यार्थियों के ज्ञान के आकलन के लिए भाग 'अ' : सामान्य अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं भाग 'ब' : प्रकाशन व बिक्री लिखित परीक्षा का अकादेमी द्वारा निश्चित तिथि एवं समय पर आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दोनों भाग 'अ' व 'ब' को पास करना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र अकादेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''बिक्री-सह-प्रदर्शनी सहायक .... पद (.......................) हेतु आवेदन'' का उपरिलिखित होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/3/2020

प्रकाशन तिथि : 31 अक्टूबर 2020

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 30 नवंबर 2020